आरिफ अहमद अंसारी,
पी0सी0एस0(जे)
प्रभारी सचिव/सिविल जज (सी0डि0)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं

(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अन्तर्गत गठित)

दिनांकः मार्च 30, 2022

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या–852/एसएलएसए–23/2016(1),भदोहीं दिनांकित 09 मार्च, 2022 व पत्र संख्या–1324/एसएलएसए–23/2016 दिनांकित सितम्बर 07, 2020 के अनुपालन में व शासनादेश संख्या–02/2018/661/सात–न्याय–7– 2018–47/2002 दिनांकित 30 जनवरी 2018 द्वारा जनपद में गठित स्थाई लोक अदालत के संचालन के लिये एक निश्चित मानदेय पर जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त आशुलिपिक ग्रेड–2 व चपरासी पद के इच्छुक अभ्यर्थी से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जो निम्न हैं। अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से अधिक या 65 वर्ष से कम होनी चाहिये।

क0 सं0	पदनाम	पद की संख्या	वेतनमान/मानदेय
1.	आशुलिपिक ग्रेड–2	1	जिला न्यायालय/कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अधिकतम 02 वर्ष के लिये निर्धारित मानदेय मु0 9,000/– रूपये प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा।
2.	चपरासी	1	जिला न्यायालय/कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अधिकतम 02 वर्ष के लिये निर्धारत मानदेय मु0 7,000/– रूपये प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य कराया जायेगा।

आशुलिपिक पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टहैन्ड व कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन विहित प्रारूप में दिनांक 31.03.2022 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30.04.2022 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोहीं में स्वयं/रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। इच्छुक आवेदक फार्म की प्रति जिला न्यायालय की वेबसाईट या माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाईट अथवा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं–ज्ञानपुर से भी प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 30.04.2022 को सायं 05:00 बजे के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

संलग्नक– आवेदन का प्रारूप

प्रभारी सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को सादर अवलोकनार्थ–
2. माननीय अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत को सादर सूचनार्थ–
3. केन्द्रीय नाजिर जिला न्यायालय भदोहीं को विज्ञापन की प्रति जनपद न्यायालय के सूचना पट पर चस्पा किये जाने हेतु–
4. केन्द्रिय नाजिर कलेक्ट्रेट को विज्ञापन की प्रति सूचना पट पर चस्पा करने हेतु–
5. सिस्टम आफिसर कम्प्यूटर अनुभाग को जिला न्यायालय व माननीय हाईकोर्ट की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु–
6. कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु–
7. जिला सूचना अधिकारी भदोहीं निःशुल्क विज्ञप्ति को प्रकाशन कराने हेतु प्रेषित–
8. जिला मजिस्ट्रेट भदोहीं को जनपद भदोहीं के वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु प्रेषित–

30/3/22

दिनांक– 30.03.2022

प्रभारी सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं।